काम के भ्रम में हैं, उनके लिए भागवत् का रस नहीं है। "यदि हरिस्मरणे सरसं मनः, यदि विलास—कलासु कुतूहलं" तो गीत गोविन्द पढ़ो, नहीं तो माया के स्मरण से भोगमय इन्द्रियोंके वशीभूत होकर जयदेव के वर्णित अप्राकृत रसके आस्वादन में असमर्थ होने से प्राकृत सहजिया हो जाओगे।

मैं कहता हूँ—रासलीला शुरू करने के बदले में अनर्थ रहते अपराध छोड़ कर श्री हरिनाम करने से अन्तःकरण शुद्ध होता है। अन्तःकरण शुद्ध न होने से रूप, गुण, परिकर-वैशिष्ट और लीला की स्फूर्ति नहीं होती है। अनर्थ युक्त अवस्था पहलेही रासलीलानहीं हैं।

## शास्त्र प्रमाण को छिपाकर सहजियायों का वैष्णव साजने की अपचेष्टा।

भाई सहजिया! तुम सोचते हो-तुम्हारी तरह प्राकृत सहजिया गण ही वैष्णव है (एवं) सहजिया को हरि विमुख कहने से शुद्ध भक्तों का अपराध होता है। 'अर्च्चे विष्णौ शिलाधीः यस्यात्य बुद्धिः कुणपे' नेषां ममाहमितिधीः "स्व-शृगाल भक्ष्ये" प्रभृति श्लोकों का अर्थ भक्त गण न करें, तो तुम लोगों को ठगाकर भक्त सजकर आदर पा सकते हो। तुम कहते हो कि तुलसी के पत्ते में छोटे बड़े का भेद नहीं है, शुद्ध—वैष्णव, अवैष्णव, वैष्णव—विद्वेषी, भक्तों के गुप्त शत्रु, भक्त के नाम पर कलंक, मायावादी, अभिनयकारी कपट—वैष्णव—सभी एक हैं।

## सहजिया गण समाज की दृष्टि से घृणित हैं, यहां तक कि उन लोगों का मुंह देखना भी पाप है।

हम लोग जानते हैं, तुम्हारी ऐसी शत्रुता करने के उद्देश्य में सहजियाओं को वैष्णव सोच कर, हरि गुरू वैष्णव को मनुष्यकी दृष्टी में घृणित करना तुम्हें उचित नहीं है। तुम साधारण जीवों की आंखों में पहले ही धूल झौंक सकते हो, सत्य है; लेकिन भगवान् व शुद्ध भक्त को कब तक ठग सकते हो? तुम्हारे हृदय का भाव और असाधु वृत्ति उन लोगों को अपरिज्ञात नहीं है। सीधी तरह से प्राकृत सहजिया मत को छोड़ दो। भगवान पर विश्वास करो। उच्छृंखल कपट प्रेम चेष्टा दिखने पर श्रुति, स्मृति, पुराण, पंचरात्र विधि, छोड़ने से ही तुम्हारे उत्पात से भक्त गण ठहर नहीं सकेंगे। सहजिया गणों के पाप करने पर उन लोगोंके मुख दर्शन करनेसेधार्मिक अभक्तगणको भी पाप होता हैं भक्तों का भी अपराध होता है। मरनेके बाद सहजियाओं को सारे पापों की शास्ति मिलती है। इस जगत्में(लोकसमाजमें)भीलोग उन्हें घृणाकी दृष्टिसेदेखते हैं। उन लोगों को अच्छे रास्ते पर लाने के लिए चेष्टा करने वाले शुभाकांक्षीयोंकोवे शत्रु समझते हैं उन लोगोंके लिये पुण्यमय संसार में कोई आदर नहीं हैं, वैध धर्म की अमर्यादा करना ही वे लोग भक्ति कहकर समझते हैं। मूर्खता और विशृंखलता को ही अनुराग का मार्ग सहजियागण सोचते हैं। भक्तों का शत्रु कहकर सहजियायों के प्रति भगवान् नाराज हैं।

# सीतानाथ बाबू के अप्राकृत में प्राकृत बुद्धि के हेतु और दल वृद्धि के लिये सहजिया मत में प्रवेश हेतु आक्षेप।

भाई सहजिया! तुम मन में सोचते हो—विष्णु कलेवर, श्री नाम को, श्री कृष्ण का श्री अङ्ग, श्रीमूर्ति को प्राकृत सोचने से भी कुछ कुछ सुफल होता है। लेकिन हम लोग कहते हैं कि कुछ भी मंगल लाभ नहीं होता है—लाभ के बीच में केवल अपराध मात्र लाभ होता है। भाई! विपथगामी तुम्हारे दल के लोगोंको बढ़ानेके लिये तुम सहजिया मतको क्यों ग्रहण किया हैं? क्योंकि पीछे लोग कमती हो जांय, शुद्ध भक्ति की बात न समझ कर पीछे तुमको छोड़ जांय, इसी डर से क्या भाई! कृष्ण के नित्य सौन्दर्य और मधुरिमा को भूल करके सहजिया मतमें प्रवेश करना चाहिये, सहजियागण इन्द्रियतर्पणके कर या महसूल स्वरूप में तुमको जो घूस दिया है, तुमको वैष्णव कहकर स्वीकार किया है तुम्हारी क्रमपंथामें कांटलगाया हैं उसी में तुम धन्य हुये हो, वृषभानु नन्दिनी की निर्मल सेवा छोड़कर, प्राकृत रस गाने में, मत्त हुए हो, उन लोगों की वाध्य—बाधकता तुम में इतनी विशेष क्यों हुई है।

## सीतानाथ बाबूके संग दोष से सहजिया मत-ग्रहण और शुद्ध भक्ति का परित्याग।

सहजिया गण देहारामी, द्रविणारामी, जनता रामी, लोभा रामी, पाषन्डारामी हैं। भाई! विपथगामी तुम को क्यों सहजिया गण 'भूल भुलैयाके' (उनके) बीचमें घुसाया है, और गोलक धंधा में गिरा दिया है। तुम ने क्यों तुम्हारे निजी अप्राकृत स्वरूप को प्राकृत सहजिया कहकर सनाख्त किया है? शुद्ध भक्तों के विरोधी

क्यों समझे ? प्राकृत-सहजिया के सेवा फल से, ऐश्वर्य से, लोग-बल,से मोहिनी शक्तिसे क्यों तुम मूढ़ हुयेहो ? प्रतिष्ठा आकर क्यों तुम को माधवेन्द्र पुरी के निर्म्मल प्रेम में जंजाल ले आयी ? प्राकृत भोग को तुमने अप्राकृत क्यों कहा ? स्वरूप दामोदर के प्रेम भक्ति को भूलकर तुमने मायावाद को प्रेम क्यों सोचा ? प्रतिष्ठाशार के वशवर्त्ती होकर कपट को प्रेमिक क्यों कहा ? तुमने क्यों जड़ भूत-प्रेत वाद लेकर श्रीरूप के उपदेशामृत को छोड़ दिया ? जड़ जगत् में प्राकृत सहजियाओं का बल (शक्ति) अधिक है, विशेषतः कलिकाल में हरिकथा के छल से भी कलि अज्ञात भाव से प्रवेश करते हैं। भाई सहजिया ! तुम को दूर से ही दण्डवत ! दया करके तुम जिस विषय के लोलुप होकर नित्यकाल के लिये शुद्ध भक्त गण को छोड़े हो, वह कृष्ण के अभाव के दया का परिचय है । एकादश के भिक्षुकों के गाने में से हमें याद आया यह श्लोक है।

*"नूनं मे भगवांस्तुष्टः सर्वदेवमयो हरिः।*
*येन नीतो दशामेतां निर्व्वेदश्चात्मनः प्लवः।"*

(भा० ११।२३।२८)

—जगत्गुरू ॐ विष्णुपाद श्रील प्रभुपाद

# साउड़ी के भक्ति सम्प्रदाय

## श्री गौराङ्ग सुन्दर के बाद (अप्रगट के बाद) गौड़ीय नाम-धारी गणों की अपचेष्टा

श्री गौरांग सुन्दर के अप्रकट काल के "अव्यवहित" बाद से ही हम लोग एक प्राकृत विषयोन्मुख **"भाक्त सम्प्रदाय"** का लक्ष्य कर रहे हैं। व लोग श्रीनिवास आचार्य प्रभु एवं गोस्वामी गणों के मत के विरुद्ध अप्राकृत हरि भजन को प्राकृत विषय समझने लगे हैं। वे लोग श्रीमन्महाप्रभु, श्रीरूप गोस्वामी के प्रत्येक उपदेश की अवहेलना किया करते हैं। श्री गुरु गौरांग के अवज्ञा करके नामापराध संचयपूर्वक अपराधी हो पड़ते हैं।

## 'विक्रीड़ितं' और 'अनुग्रहाय श्लोक दोनों के अछिला से प्राकृत—सहजिया गणों की कामूकता।

अपराधी गण यह विश्वास करते हैं कि 'विक्रीडितं व्रज बधुभिः' और 'अनुग्रहाय भक्तानां' श्लोक श्रीगुरुगौरांग के विरोधी हैं। वे लोग कहते हैं कि-काम-रोग-ग्रस्थ मानव कपट श्रद्धा दिखा कर हरिलीला श्रवण व कीर्तन करने से ही हृदय रोग के हाथ से मुक्त होगा। और भी कहते हैं कि कामासक्त व्यक्ति के नाम में रूप गुण लीला की स्फुर्ती होते ही मुक्त होने के बदले में, नामादिको जड़ समझनेसे काम दूर ही जायगा यह कहना वाहुल्य है श्रीनामचिन् स्वरूप है। उन्हें अचित् बुद्धि करके अवज्ञापूर्वक बना वटी भावसे कृष्ण लीला श्रवण को साधन ज्ञान करने से वह जड़ का भजन हो जायगा। "हृद्रोगमाश्वपहिणोत्यचिरेणधीर;" इस श्लोक को कदर्थ करने पर, श्री गौरांग की अवज्ञा एवं श्रीरूप

गुरूकी अमर्य्यादा करके साधन और भावावस्थाद्वय को अस्वीकार करने से कोई सुफल नहीं होगा। "श्रद्धान्वित" शब्द की उपेक्षा करके यदि कोई साधन भक्ति क्रमों का त्याग करते हैं एवं जात-रति होने के पूर्व ही जड़ बुद्धि सेवा संकल्पित हों, तो "श्रद्धान्वित" शब्द को अच्छादन करना होता है। 'अनुग्रहाय' श्लोक के अर्थ को विपर्य्यय करके चिन्मय सेवनोपयोगी देह लाभ के पूर्व ही यदि यह जड़ लोभ मय दैहिक इन्द्रिय द्वारा वस्त्र हरणादि कार्य व अष्टकाल नित्य सेवा में तत्पर हों, तो विशृंखलता के अलावा अन्य उपकारिता को स्वयं के लिये जगत् नहीं समझेंगे।

## साधन क्रमपथ में (मार्ग में) जात रति-व्यक्ति के पक्ष में ही रासलीला आलोच्य

अभक्ति का जो दूषित बीज बहुत पूर्व समय में ही पशु-मति जीवों के हृदय में प्रोथित हुआ था, उसी दूषित बीज और जड़ीय धारणा-रूप-वृत्त को श्री गौरांग सुन्दर के निजी व्यक्ति पतित-पावन श्रीमद्भक्ति विनोद ठाकुर ने समूल ही उखाड़ दिया है। उनके कृपा पात्र गणों के बीच में ही श्री गौरांग प्रदर्शित क्रम पंथा एवं भक्ति के अवस्थात्रय नाम रस—भजन देदीप्यमान हैं, अर्थात् साधन भक्ति-काल में साधक कपटता क्रम से अपने को जात-रति व लब्ध रस नहीं सोचते हैं। फल प्राप्ति के पूर्व ही 'रस' नामक फल लाभ हुआ है, ऐसे भ्रम में पतित नहीं होते हैं। पतित पावन श्री मत् परम हंस बाबा जी महाशय एवं श्री मद्भक्ति विनोद ठाकुर साधन भक्ति में अवस्थित व्यक्ति गण को कपटता ग्रहण करके रति आभास—दोष में पतित होने नहीं देते हैं।

**श्रील भक्ति विनोद ठाकुर के मत —नाम भजन ही, रस भजन। परन्तु साउड़ी प्राकृत सहजियागण नाम भजन और रस भजन को पृथक पृथक ज्ञान करने से उन लोगों के गुरुद्रोहिता मत का खंडन।**

जो लोग निर्दय होकर माया बद्ध जीव के क्रम पंथा छुड़ा कर नाम को रस से अलग बुद्धि करके जड़ रस को साधनांग समझते हैं, वे लोग शुद्ध भक्ति को उन्मादन-मात्र करते हैं। 'न प्रेम गन्धोऽस्ति" श्लोक को आवरन करके लोक वंचना—रूप कुवृत्ति-ताड़ना को प्रबल कर उन लोगों की वैसी चेष्टा को हम लोग समादर नहीं कर सके। हम लोग भक्ति की बाधिका वैसा बंचना मूल में उदित कृपा को अनुमोदन करके चित् स्वरूप नाम के पास अपराधी होने के लिए इच्छा नहीं करते हैं। "कृष्ण नाम कीर्तन को नाम—रस के सहित भेद ज्ञान करके अप्राकृत नामोच्चारण में नाम रस लाभ नहीं हो सकता है।

ऐसे रूपमें कुमतों का समर्थन नहीं करते हैं एवं श्रीमद्भक्ति विनोद ठाकुर के प्रकाशित भजन—प्रणाली को कलंकित करके पापाचरण—मानस में अजात—रति किसी भी व्यक्ति को वन्नावटी भाव से रस शिक्षा देने के लिए पक्षपाती नहीं है। जो लोग अलग अलग भाव से नामोच्चारण एवं रस—भजन उच्चारण करते हैं वेही लोग नाम तथा रस में भेद किया करते हैं।

**श्रीनाम—भजन से ही रूप—गुण—लीला की स्फूर्ति अनधिकारी के लिये मन में भी रासलीला आचरणीय नहीं है।**

श्री महाप्रभु कहते हैं—सर्वदा ही हरि कीर्तन करो, उसी से ही श्री नाम रूप गुण और लीला जीव के चित्त में

विकास लाभ करेगा। मायिक भेद बुद्धि द्वारा पृथक रूपसे बनावटी रूपोच्चारण गुनोच्चारण लीलोच्चारण नहीं करना। करने से नाम के साथ रूप-गुण का भेद होकर मायिकधारणा होगी एवं एकान्त भावसे नामाश्रय नकरके नाम-रस को नाम के साथ भिन्न ज्ञानसे स्वतन्त्र रस-सेवा उपदेश देने के लिये वाध्य होंगे। श्री भागवत-पद्य में 'आशु' शब्द एवं 'अचिरेण' शब्द द्वारा श्री गौर-कथित 'साधन' और 'भावावस्था'-दोनों ही विनष्ट नहीं हुये हैं। 'आशु' एवं 'अचिरेण' के द्वारा कैसी अवस्था दोनों का उपदेश है।

## अतिवाड़ी, बाउलीया और सहजियायों की रासलीला आलोचना से हृदय रोग के वृद्धि हेतु अधःपतन।

ठाकुर महाशय को कथित "अपनी भजन की बात जहां तहां पर नहीं कहनी चाहिये। इस गुरू वाक्यको लंघन करके प्राकृत सहजिया—सम्प्रदाय अपने बनावटी (कृत्रिम) प्रेम-चेष्टा-समूह के द्वारा अनभिज्ञ, अभक्त समाज में 'भक्त' कहकर परिचय लाभ करते हैं।

पारकीय रस कथा को लेकर 'चेंगडार दल' को (लोफरों के झुंड)को जब उच्छ्वास उपस्थित हुआ था, उसेसाम्प्रदायिक इतिहासों से हम लोग जान सकते हैं, श्रीजीव प्रभु विशृंखलता निवारणार्थ उपयुक्त शासन दण्ड ग्रहण करने के लिये वाध्य हुये थे। अति वाड़ि श्रीमान् रूप कविराज की कथा बाउलिया मुकुन्ददास जी की कथा एवं वंचित सहजिया-सम्प्रदाय की कथा को शुद्ध भक्तगण कभी भी आदर नहीं करते हैं। जब अप्राकृत कृष्ण-लीला रस में महा भागवत् उन्मत्त होते हैं, तभी व्रजंगना गणों का विक्रीड़न संदेश सुनकर एवं वर्णन करके जीव हृदय-रोग के हाथ से परि-मुक्त होते हैं। अश्रद्धासे व अजात—रति अवस्था में (असमय) में श्रवण—कीर्तन से हृदय का रोग वृद्धि होता है।

—श्रील प्रभूपाद

# साउड़ी का ईंचोड़े पाका सहजिया-सम्प्रदाय

हम सबों ने साउड़ी अपसम्प्रदाय के दो बेनामी पत्रों का समालोचना किया है। हम सबों के समालोचना पढ़कर सब सज्जनों ने ही श्री गौड़ीय वेदान्त समिति के प्रचार की बहुत ही प्रशंसा करके पत्र दिये हैं। परन्तु दुःख का विषय है कि चरित्र हीन असत्-प्रकृति रजस्तमोगुण ताड़ित धर्मध्वजी अकाल कुस्माण्ड सब अत्यधिक उत्तेजित हुये हैं। श्रीमद्भागवत हम लोगों को इस विषय पर निर्देश दे रहे हैं—"तेषां हि प्रशमो-दण्डः पशुनां लगुड़ो यथा।"

धर्म के नाम पर अधर्म के चरम सीमा पर उपनीत एक प्राकृत ग्राम्य वर्तावाहक के कई एक खंड हम सबों को देखने में आया है। यह पत्र सर्वतोभावे अपाठ्य (पढ़ने योग्य नहीं है)। इसके सम्पादक प्रभृति लेखक गणों को किसी प्रकार भाषा बोध तो दूर रहा वर्ण शुद्धि ज्ञान का भी विशेष अभाव है। उसी पत्रिका के प्रायः प्रत्येक पृष्ठ में ही वैसी ही असंख्य भूल प्रदर्शन कराकर हम लोग एक तालिका छपवा देंगे। इसके अलावा पाठक वर्ग की अधगति के लिये गुरू परम्परा शून्य अथवा असद्गुरू वर्गों की तालिका युक्त अपसम्प्रदाय की क्रिया कलाप, आचार विचार, युक्ति—तर्क और सिद्धान्त समूहों की समालोचना करके

निम्नलिखित कई एक प्रबन्ध पाषण्ड—दलनोद्देश्य से प्रकाश करेंगे।

१—अपदेवता का उपद्रव निवारण।
२—माउड़ी के प्रमोद—कानन में रासलीला की बौछारें।
३—जलजन्तु राय या भाट की भांड़ाभि।
४—पंचानन तेली का विष्णु-प्रिया भजन।
५—शम्भु-निशुम्भु वध।
६—माउड़ी शाला के भीत में गलद।
७—गुरू परम्परा पद्धति इत्यादि और भी दूसरे प्रबन्ध।

# नवीन अपसम्प्रदाय की तालिका

वर्तमान समय में कई एक अप-सम्प्रदाय उत्भव हुये हैं। हम लोग उनकी सारी कथाओं का स्पष्ट रूप से आलोचना करेंगे। इसमें दुर्भाग्य वशतः किसी का क्रिया कलाप और जीवन वृतान्तों के प्रति कटाक्ष पात होना बहुत ही सम्भव है। तत्रापि हम लोग उसमें भी विरत नहीं होंगे। संक्षेप में पंचानन तेली का नवीन सहजिया मत, १ गुरू भोगी सम्प्रदाय, २ गुरू त्यागी सम्प्रदाय, ३ कर्ताभाजा सम्प्रदाय, ४ गोष्ठिभाजा सम्प्रदाय, ५ भजन खाजा सम्प्रदाय, ६ जाति भाजा सम्प्रदाय, ७ नशों में भजा हुआ सम्प्रदाय, ८ जितना मत उतना पथ सम्प्रदाय, ९ भान कपट सर्वस्व सम्प्रदाय, १० वामन वोष्टम सम्प्रदाय, ११ भव धुरे सम्प्रदाय, १२ संन्यासी सम्प्रदाय १३ धर्म उद्धान्तु सम्प्रदाय, १४ आखिर में व्यवस्था कारी सम्प्रदाय, प्रभृति बहुत से आधुनिक सम्प्रदाय की बातें हम सब आलोचना करेंगे। उक्त सम्प्रदाय के अलावा और भी कई एक प्राचीन अपसम्प्रदाय धर्म-जगत में आधिपत्य विस्तार करने की चेष्टा कर रहे हैं। उन लोगों की शिक्षा भी नितान्त ही कम नहीं हैं। उन लोगों के साथ साथ जनबल, धन बल, राजनैतिक बल, सामाजिक बल प्रभृति कलिकाल के प्रबल प्रभाव हेतु परिमाण में (फल सरूप) अधिक लाभ किया

है। इसे छोड़कर भी ब्रह्मत्व—प्राप्त होना व ब्रह्म में सामिल होना कर्म ज्ञानादि समस्त उपासना के एक ही फल है, नारी जाति के हितैषण (हितैषी) एवं "घर—पागल" सम्प्रदाय लेकर बहुत सी सम्प्रदाय चल रही हैं।

हम लोग श्रील भक्ति विनोद ठाकुर के आदर्श और "श्री कृष्णद्वैपायन"—व्यास देव के "धर्म प्रोज्झितकैतव" का आदर्श ग्रहण करके वेद—वेदान्त उपनिषद, श्रीमद्भागवत, पुराण, महाभारत प्रभृति सर्व्ववादि सम्मत शास्त्र समूहों से प्रमाण युक्ति के द्वारा पूर्वोक्त छल, धर्म अपधर्म समूहों का हेयत्व और अनुपादेयता प्रदर्शन करायेंगे। ये अपसम्प्रदाय सर्वतःभाव से उन्मादित न होने से देशों का ठीक ठीक मंगल नहीं होगा। हम सब जनसाधारण को इस विषय में जत्नवान होना एवं श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति को सर्वतोभाव से सहानुभूति प्रदर्शन करने के लिये अनुरोध करते हैं।

उक्त अपसम्प्रदाय सबों के विरुद्ध में शास्त्र युक्ति पूर्ण प्रबन्धादि भेजने से उसे भी सादर ग्रहण करेंगे।

# बाउल मत के विचार

## बाउलों के संबन्ध में पांच प्रश्न

काकिनीया निवासी श्रीयुक्त राधिकानाथ राय महाशय हम सबों को निम्नलिखित पाँच प्रश्न लिख कर भेजे हैं। हमलोग यथासाध्य निचे प्रत्युत्तर के साथ लिख रहे हैं—

(१) वर्तमान बाउल धर्म शास्त्रानुमोदित है या नहीं, और इसके प्रवर्तक कौन है ?

(२) स्वकीय और परकीय साधन प्रणाली कैसा है ? रसाश्रय और भावाश्रय किस को कहते हैं ?

(३) राय रामानन्द, स्वरूप दामोदर, श्री रुपगोस्वामी, जयदेव विद्यापति, बिल्वमंगल मीराबाई, पद्मादेवी, लक्ष्मीबाई, चिन्तामणि प्रभृति महाजन गण इस तरह आश्रय अवलम्बन और लीलानुकरण करके सिद्ध हुए थे या नहीं ?

(४) शास्त्र के कीसी कीसी अंश में समझने को दोष से यदि इस तरह के धर्म प्रवर्त्तित हुए हैं। तब उसी अंश का ठीक अर्थ क्या है ?

(५) स्वरूप दामोदर और मिराबाई की इस पंथ विषयक कड़चार के सत्यता सम्बन्ध में आप लोगों के क्या विचार है ?

### बाउल-मत सर्व शास्त्र विरुद्ध है।

बाउल—धर्म जिस आकार से वर्तमान समयमें दृष्टिगोचर होते है, वह सर्व शास्त्र विरुद्ध है। शास्त्र में वैधी और रागानुग दो ही प्रकार के भक्ति का उपदेश देखने को मिलते हैं । बाउल

लोग किसी प्रकारके वैधी भक्तिका आचरण नहीं करते हैं। रागानुगा भक्ति के बहाने से नानाविध असदाचरण किया करते हैं। वास्तव में रागानुगा भक्ति अतिश्य पवित्र है। उसमें लेस मात्र भी जड़ीय व्यापार नहीं है। आत्मा के अप्राकृत रस और भाव अवलम्बन पूर्वक उस भक्ति की अनुष्ठित होता है। इस तत्व का विवरण कभी कभी प्रकाशन होता रहेगा। बाउलों की असत् प्रथा बहुत दिनों से प्रचलित है। उस प्रथा के प्रवर्तक कौन है—उसे नहीं कह सकते हैं। बाउल लोग कभी श्री सनातन गोस्वामी और कभी श्री वीरभद्र गोस्वामी प्रभु को उनके प्रवर्त्तक कहकर प्रचार करते हैं। वास्तव में उन्होंने कभी भी बाउलों को कुप्रथा की शिक्षा नहीं दिये हैं।

**बाउल लोग रायरामानन्द प्रभृतियों के श्रीचरण में अपराधी हैं।**

दूसरे प्रश्न का उत्तर—

क्यों न बहुत शीघ्र ही स्वकीय परकीया तत्त्व विचार अवलम्बन पूर्वक एक सुबृहत् प्रबन्ध प्रकाशित होगा।

तीसरे प्रश्न का उत्तर—

हम लोग केवल यह मात्र कह सकते हैंकि—राय रामानन्द प्रभृति महाजन गण विशुद्ध राग मार्ग में भजन किये हैं। कभी बाउल मत के रसाश्रय, भावाश्रयादि नहीं किये हैं। बाउल लोग नाना तरह के बहाने से उनके सम्बन्ध में कुछ मिथ्या आख्यायिका रचना करके उनके पास अपराधी हुया करते हैं।

**बाउल लोग कु-प्रवृति-शाली और इन्द्रिय-पारायण हैं।**

चतुर्थ प्रश्न का उत्तर—

यह मात्र कह सकते हैं कि—बाउल मत शास्त्र सिद्ध नहीं हैं। कुछ कुप्रवृतिशाली इन्द्रिय परायण लोग शास्त्र के कोई किसी

स्थानों के कदर्थ करके उन लोगों के सुखजनक कई एक कल्पित मत का सृष्टि किया है। बाउल लोग शास्त्र के कोई विषेश वाक्य के ऊपर निर्भर नहीं करते, लेकिन प्रयोजन होने से चरितामृत के किसी किसी पद्यांश को लेकर निजी मत को प्रतिष्ठा करते हैं। उसी अंश को यदि हम सबों के पास दिखाते हैं, तो हम सब विशुद्धार्थ प्रचार कर सकते हैं।

## बाउलों के कड़चाद्वय घृणित और स्त्रियों को कुमार्ग में लाने के लिए कल्पित।

पंचम प्रश्न का उत्तर—

यह है कि—जो दोनों कड़चा राय महाशय ने भेजा है वह नितान्त घृणित है। बाउल लोग वह सब कड़चा रचना करके दुर्बल हृदय मूर्ख पुरुष और स्त्री लोगों को कुमार्ग में ले जाते हैं। हम लोग स्वरुप दामोदर के कड़चा अनुसंधान करते करते उसी तरह के बहुत से बनावटी (कृत्रिम) पुस्तक प्राप्त हुये हैं। वह सब हेय (घृणित है) वास्तव में स्वरुप-दामोदर के कड़चा नहीं मिलता है।

—जगद्गुरू श्रील ठाकुर भक्ति विनोद

# भेक-धारण

## आश्रम-चतुष्ठय और उनके लक्षण

कोई महात्मा वैष्णव इस विषय को लेकर हम सबों को कई एक प्रश्न किये हैं। उन प्रश्नों को इस स्थान पर न लिख कर केवल उत्तर प्रदान करने को प्रवृत्त हुए हैं।

'भेक'—शब्द से भिक्षु आदि आश्रम को उद्देश्य करते हैं। मानव के आश्रम और शास्त्र युक्ति से चार ही है मात्र—गृहस्थाश्रम, ब्रह्मचर्य्याश्रम, वाणप्रस्थाश्रम और संन्यासाश्रम। विज्ञान के दृष्टि से देखिये व शास्त्र के दृष्टि से ही देखिये तो उक्त चार आश्रम के अलावा और आश्रम मानव जाति के लिए संभव नहीं है। **आश्रम के संख्या भी लघु नहीं कर सकते हैं।** इन सब आश्रम-तत्व का विचार "श्री श्री चैतन्य शिक्षामृत"—ग्रन्थ में [२य वृष्टि, ४र्थ धारा में] सम्पूर्णरूप से लक्षित होगा।

सम्प्रति संक्षेपमें कहकर प्राकृत प्रस्ताव ग्रहण करेंगे। विवाह करके सयाजबद्ध व्यक्ति ही गृहस्थ आश्रममें स्थित हैं। स्त्रीको परित्याग करके निःसंग भ्रमणकारी व्यक्तिगण ही संन्यासाश्रमी हैं। ब्रह्मचर्य्य और वाणप्रस्थ ये लोग मध्यवती हैं। ब्रह्मचारीगण दार परिग्रह करके गृहस्थ भी हो सकते हैं, अथवा एकदम सन्यास भी ग्रहणकर सकते हैं वाणाप्रस्थ आश्रम में स्त्री कीसी किसी स्थानपर साथ रह सकते हैं। **सन्यास आश्रम का नाम ही भिक्षु-आश्रम है।** संन्यासीव्यक्ति फिर कभी इस जीवन भर में स्त्री संग नहीं कर सकते हैं। वह भिक्षा के द्वारा ही जीवन यात्रा निर्वाह करेंगे।

# भेकधारी गणों का आश्रय निरूपण

अब पूछने की बात यह है, कि भेखधारी वैष्णव गण किस आश्रम में अवस्थिति करते हैं ?

हम लोग जितना शास्त्र और श्री महाप्रभु के उपदेश आलोचना किये हैं, उससे यहां तक स्थिर किया है कि निःसंग वैष्णवगण को भिक्षुकों के आश्रम स्वीकार किया है। स्त्री संग जब उनके लिये बिलकुल ही निषिद्ध है, तब उनके आश्रम के नाम सन्यास है। **सन्यास का चिन्ह कोपीन।**

उसे वहलोग ग्रहण करते हैं। अतएव वह लोग भिक्षुओं के आश्रम में अवस्थित होकर वैष्णवधर्म का अनुशोलन करते हैं। **भेक-धारण व सन्यास में कौन से वर्ण का अधिकार हैं।** इस स्थान में विचार यह है कि वैष्णवों के भेकधारी व्यक्ति सब वर्णोंमें से ही चतुर्थाश्रम को ग्रहण करते हैं—यह शास्त्र और युक्ति सिद्ध है या नहीं ? हम सबों का सिद्धान्त यह है कि शास्त्र मत से ब्राह्मण वर्ण के अलावा कोई भी संन्यासाश्रम का अधिकारी नहीं हैं। शास्त्र वाक्य सर्वदा ही निर्म्मल है। **वेद सिद्ध शास्त्र में भ्रम प्रमाद नहीं है। शास्त्र में ब्राह्मण वर्णका जो लक्षण वर्णन किये हैं, वही लक्षण यदि किसी पुरुष नहीं हैं, तो उसका संन्यास ग्रहण करना वृथा है।** यथा शम (अन्तरेन्द्रिय का वशीभूता) दम (वाह्येन्द्रियका दमन) इत्यादि गुण सब न रहने से संन्यासाश्रम-गत (पिछले) पुरुष अतिशीघ्र ही लाम्पट्य और भोग वंच्छा के द्वारा उक्त पवित्राश्रम का कलंक स्वरूप हो उठेगा।

अतएव ब्राह्मण के अलावा और किसी का भी संन्यासाश्रम के अधिकार नहीं है।

## ब्राम्हणेत्व वर्णमें ब्राह्मण का लक्षण रहने से सन्यास का अधिकारी हैं।

कलिकाल में स्वभाव से ही वर्ण-निरूपण-प्रथा सम्पूर्ण रूप से स्थगित हुआ है। अब तो केवल जन्म के द्वारा ही ब्राह्मणत्व है। इस स्थान पर ब्राह्मण जाति से संन्यासाश्रम के अधिकारी मिलना दुर्लभ है। परन्तु स्वभाव—गति के अन्याय वर्ण से उक्त आश्रम में बहुत से अधिकारी मिलते हैं। इन निगुढ़ शास्त्र विचार से श्रीश्री महाप्रभु श्री रघुनाथदासादि महाजन गणों को भिक्षुयों के आश्रम ग्रहण के लिए अनुमति प्रदान किये थे।

## अनधिकारी के लिये भेक व संन्यास निषिद्ध है।

उसी समय से इस भेक धारण का पद्धति प्रचलित हुई है। शास्त्र व पद्धतिका कोई दोष नहीं है। जो लोग पहले उस पद्धति को प्रचलित किये थे, उनका भी दोष नहीं है। लेकिन सब ही काल का दोष है। जन्म ही केवल ब्राह्मणत्व प्राप्त व्यक्ति के लिए संन्यास जिस तरह गर्हित अनाधिकारी दूसरे वर्ण के नरगण के लिये भी भेक धारण तद्रुप गर्हित है,—इस में सन्देह नहीं है। अधिकार लाभ करके सब ही व्यक्ति उस आश्रम को ग्रहण कर सकते हैं। किन्तु अधिकार न मिलने तक सब ही को गृहस्थ धर्म में रहना उनका कर्तव्य है।

## अविवाहित गृही का लक्षण

कौन कौन विषय से भेक धारण का अधिकार होता है,

उसे विचार करना कर्त्तव्य है। मानव मात्र ही को गृहस्थ होने का अधिकार है। गृहस्थ होने से स्त्री परिग्रह किया जा सकता है, लेकिन स्त्री परिग्रह के सम्बन्ध में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ के प्रयोजनीता भी है। स्त्री परिग्रह न करके भी अक्षम व्यक्तिगण अन्यान्य (दुसरे) गृहस्थों के साहार्य्य से गृहस्थ हो सकते हैं।

## भेक-धारण व संन्यास लाभ के अधिकार निर्णय

भेक-धारण व संन्यास ग्रहण के पूर्व ही जो कईएक अवस्था का उदय होना आवश्यक हैं, उसे कह रहा हूँ।

१—शम, दम, तितिक्षा और वैराग्य-इन चारों के उदय होने से भिक्षुकों के आश्रम का अधिकार होता है। तितिक्षा (दुःखादि सहने का अभ्यास) और वैराग्य (सब नश्वर वस्तु में अवस्तु ज्ञान) यही दो सन्यासी का प्रधान धर्म है।

२—नश्वर वस्तु और अविनश्वर वस्तु को पृथक (अलग) करके जानने की प्रयोजन।

३—अनिश्वर वस्तु लाभका सम्यक् उपाय लाभ।

इन तीन गुणोंसे जिस शरीरका उदय होता है, वही शरीर सन्यास लिंग ग्रहण करने का अधिकारी है।

## संन्यास और वैष्णव-संन्यास का पार्थक्य

साधारणतः संन्यास-धर्म से वैष्णव सन्यास का थोड़ा सा भेद है। सामान्य वाणिक संन्यासियों का शम, दम, तितिक्षा, वैराग्य सदसत् ज्ञान और ब्रह्म लाभ का उपाय मात्र ही प्रयोजन है। वैष्णव संन्यासियों के केवल वह सब गुण रहने से ही भेक का अधिकार होता है, यह मत नहीं है। आदौ भगवद्विषयिणी श्रद्धा, तदन्तर (उसके बाद) साधु संग भजन और

अनर्थ निवृत्ति प्रभृति प्रक्रिया के द्वारा जब भागवती रति उदिता होता है, तब विरक्त कह कर एक धर्म वैष्णव को आश्रय करते है। उसे करने से वैष्णव को और निरर्थक कर्म्ममय गृहस्थाश्रम को अच्छा नहीं लगते है। जब वैष्णव अपने अभाव खर्व्व कर के मन से कोपीनादि धारण और भिक्षा द्वारा जीबन निर्वाह करते हैं। **उसी का नाम वैष्णवों का भेक कहते हैं।**

जो व्यक्ति सरलता पूर्वक भेक धारण करते हैं, वही ही जगत (संसार) के पूजनीय है। ऐसा भेक ग्रहण दो प्रकार हुआ करते हैं। कोई कोई व्यक्ति भवजनित (संसार जनित) विरिक्त लाभ करके किसी वैष्णव साधु के निकट भेक ग्रहण करते हैं। **कोई स्वयं उसी प्रकार लिंग द्वारा लिगिंत होकर विचरण करते रहते हैं।** श्रीश्री महाप्रभु के भेक अतिशय पवित्र पद्धति है। हम लोग श्रद्धावनत मस्तकके सहित उसी पद्धति को बरम्बार दण्डवत (नमस्कार) करते हैं।

## स्वयं भेक था संन्यास ग्रहण अवधि और दौरात्म्य विशेष है।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि ब्राह्मणों का संन्यास आश्रम के सदृश्य भेकाश्रम भी आज कल अत्यन्त दूषित हुये हैं। अधिकार विचार बिलकुल उठ गया है। जिस की भेक लेने की इच्छा हुई वही क्षणमात्र में ही मस्तक मुण्डन पूर्वक कौपीन धारणकर बैठते हैं! आज कल वैष्णव समाज में भेक सम्बन्ध के निम्नलिखित कई एक दौरात्म्य प्रचलित हुये हैं। समस्त सरल वैष्णव और श्री श्री महाप्रभु के यथार्थ कृपा पात्र साधुगण वे

सब दौरात्म्यों को अनुमोदन करना दूर रहा, उसे देखने से भी आंख हाथों के द्वारा आच्छादन करते हैं।

## भेक और संन्यास सम्बन्ध में वर्तमान दौरात्म्य का विचार

१—ग्रहस्थ वैष्णवों के बीच में बहुतों ने ही मस्तक मुण्डन और कौपान धारण करके ग्रहस्थ बाबाजी हुआ करते हैं। इससे अनर्थ और क्या है ? उन लोगों का ऐसा आश्रम-सांकर्य्यों प्रयाजन क्या है ? यदि विरक्त हुये हैं । तो प्राकृत प्रस्ताव से निःसंग भेक ग्रहण करिये। यदि विरक्त नहीं हुये हैं, तो ऐसे लिंग धारण के द्वारा क्या लाभ होगा ? केवल मात्र वैष्णव धर्म को मानव की दृष्टि में कलंकित किया जा रहा है। अवश्य ही पर-लोक में इसका फल भोगना पड़ेगा।

२—अखाड़ेधारी बाबाजी स्त्रीलोगों को सेविकारखना भी एकभयंकर अमंगल भजनप्रथा है। किसी किसी अखाड़ेमें बाबा जी पूर्वाश्रम के वनिता (स्त्री) सेविका रूप से अवस्थिति करती हैं। जिस अखाड़े में स्त्री लोग न रहने से नहीं चलता है उस अखाड़े में यथार्थ विरक्त पुरुष कभी भी नहीं रहेगा; देव सेवा और साधु सेवा के छल करके स्त्री सङ्ग करने के लिये केवल मात्र वैसा कार्य के मूली भूत तत्त्व है।

३—निःसंग वाबाजियों को स्त्रीलोभ, खाद्यलोभ, और सुखलोभ अत्यन्त वर्ज्जनीय है । किसी किसी निःसंग लिंगधारी वैरागियों का वैसा दौरात्म्य रहने से समस्त निःसंग पुरुष के प्रति वैष्णव जगत का अविश्वास हो जाता है। यथार्थ बात तो यह है, भागवती रति-जनित विरक्त न होते होते जो वैराग्य लिंग धारण

---

नोट-बंगदेश में अखाड़े उसे कहते हैं भेकधारी बाबाजी और महिला एकत्र रहते हैं।

करते है, वह अवश्य ही जगत के उत्पात और वैष्णव धर्म का कलंक स्वरूप हैं।

## अवैध भेक और संन्यास से वैष्णव धर्म का अपमानना और अधःपतन।

यथार्थ बात तो यह है, अविवेचना और खराब उद्देश्य ही इन सब दौरात्म्य जनक जननी है। भेक ग्रहण करने से पूर्व ही सर्व साधारण विशेष सतर्कता-सहकार से अपने अपने अधिकार परीक्षा करेंगे। भेक ग्रहण करनेसे भी तो नहीं होता है, 'भेक' 'यथाविधि' ग्रहण करने से सर्वार्थ सिद्धि होते हैं। अशास्त्रीय विधि भेक ग्रहण करने से निजि अधःपतन और वैष्णव-धर्म का अपमानना होता है।

## अधिकार—विचार करने के लिये ठाकुर के आवेदन।

हम लोग कृतांजलि पूर्वक संसार के निकट इस प्रकार के अवेदन करते हैं,—हे महोदय गण! अधिकार विचार पूर्वक कार्य करिये। अधिकार ही सर्व विषय का मूल है। भगवान कहते हैं—

*स्वे स्वेऽधिकारे या निष्ठा स गुणः परिकीर्त्तितः।*
*विपर्ययस्तु दोषः स्वादुभयोरेष निश्चयः॥*
(भा० ११।२१।२)

अपने अपने अधिकार में जो निष्ठा है, वही गुण है। उसके विपरीत आचरण के नाम ही दोष है! अतएव अधिकार विचार न करके कोई कार्य नहीं करेंगे। जब तक विरक्त नहीं होते हैं, तब तक ग्रहस्थ धर्म पालन करते करते कृष्ण

भक्ति अनुशीलन करिये। विरक्त होने से ग्रह परित्याग पूर्वक विचरण करिये। एकादश स्कन्ध में भगवान कह रहे हैं।

*जातश्रद्धो मत्कथासु निर्विण्णः सर्वकर्मसु।*
*वेद दुःखात्मकान् कामान् परित्यागेऽप्यनीश्वरः॥*
*ततो भजेत मां प्रीतः श्रद्धालुर्दृढ़ निश्चयः।*
*जुषमाणश्च तान् कामान् दुःखोदर्कांश्च गर्हयन्॥*

(भा० ११।२०।२७–२८)

जब तक ग्रह परित्याग करने में अक्षम हैं, तब तक हम सबों के सिद्धान्त से जात श्रद्ध होकर सर्व कर्म फलमें निर्व्वेद लाभ करें, भगवान कहते हैं-सर्व कर्म को दुःखात्मक जानकरके और उन सबों के शेष फल को बुरा कहकर निन्दा करते करते, उन सबों को मेरे प्रतिश्रद्धालू होकर स्वीकार करें। एवं मुझे प्रीति पूर्वक भजन करें।

## भेकधारी व संन्यासी को अपने गृह में अवस्थान करना (रहना) निषिद्ध है।

हे साधुगण! यही गृहस्थ-वैष्णवों का लक्षण हैं। "कटिं कृता वनं व्रजेत्"—यही वैष्णवी तन्त्र से स्थिर होता है, भेक धारण करके (गृह मध्ये) घर में रहना वैष्णवों का लक्षण नहीं है। भेक धारण करके विचरण करते समय जो लक्षण है, उन भगवदुपदेश को दृष्टि करिये।

*"आज्ञायैवं गुणान दोषान् मयाऽऽदिष्टानपि स्वकान।"*

(भा० ११।११।३२)

## भेक धारी व संन्यासी का पारमहंस्य वैष्णवाश्रम

पुनश्च—*"सलिंगानाश्रमांस्त्यक्त्वा चरेद विधि गोचरः।"*

(भा० ११।१८।२८)

वर्णाश्रम-धर्म में गुण दोष दृष्टि पूर्वक उसे परित्याग करके मुझे भजन करोगे, तब समस्त लिंग के सहित आश्रम सब को परित्याग करके विधि सत्रों के अतीत जो पारम हंस्य वैष्णवाश्रम है, उसी में विचरण करोगे। इस वाक्य के द्वारा वैष्णवाश्रम को पंचमाश्रम नहीं सोचना, जिस आश्रम में रहो, उसी में आसक्ति त्याग पूर्वक एवं उसी आश्रम के लिंग में निष्ठा छोड़ कर कृष्ण-भक्ति के द्वारा उत्तेजित होकर भक्तों के आचार स्वीकार करेंगे। इस विषय को बहुत से आलोचना पीछे होता रहेगा।

वैष्णव धर्म को पंक (कीच) से उद्धार करने के लिये सारा दौरात्म्य दूर करने की चेष्टा अवश्य ही करना पड़ेगा।

अपार करुणामय सर्वेश्वर श्री श्चीनन्दन हम सबों से जब जो कुछ कहावेंगे हम सब वही कहेंगे। वैष्णव चरणों में दण्डवत प्रणति पूर्वक आज निरस्त हुये।

—जगद्गुरू श्रील ठाकुर भक्ति विनोद

मुद्रकः— निरंजनसिंह चौधरी
ब्रजधाम प्रेस, वृन्दावन.